भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2914

जिसका उत्तर 27 मार्च, 2023 को दिया जाना है

विलंबित कोयला परियोजनाओं की बढ़ी हुई लागत

2914. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कोयला मंत्रालय की कुल कितनी परियोजनाएँ चल रही हैं और उनकी कुल लागत सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त परियोजनाओं में से विलंबित चल रही परियोजनाओं का विलंब के कारणों सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) परियोजनाओं में देरी से काम होने के कारण लागत में कुल कितनी वृद्धि हुई है; और

(घ) बढ़ी हुई लागत की पूर्ति करने के लिए कितना अतिरिक्त बजट जारी किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (घ) : नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देश में 400 चालू कोयला खानें (01.04.2022 तक) हैं:

कोयला कंपनी	प्रचालनरत खानों की संख्या
कोल इंडिया लिमिटेड	318
सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड	42
एनएलसी इंडिया लिमिटेड	01
कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला खानें	39

अन्य सूचना एकत्र की जा रही है।

****